Punjab Kesari (05 December, 2014)

यूरोप के सबोरगा देश की तरफ से सुरिन्द्रपाल सिंह ओबराय भारत के लिए कौंसलेट जनरल नियुक्त

पटियाला, 4 दिसम्बर (परमीत): दुबई के कारोबारी और सरबत का भला चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख सुरिन्द्रपाल सिंह ओबराय को यूरोप के सबोरगा देश की तरफ से भारत के लिए कौंसलेट जनरल नियुक्त किया गया है।

यह पहला मौका है कि किसी सिख को यूरोप के देश की तरफ से इतना बड़ा सम्मान दिया गया हो। ओबराय किसी भी यूरोपियन देश की तरफ से पहले सिख राजदूत नियुक्त किए गए हैं। जिक्रयोग्य है कि इसी साल ओबराय को हाऊस आफ लार्ड में सिख आफ ईयर अवार्ड के साथ भी सम्मानित किया जा चुका है।

सरबत का भला चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य दफ्तर से जारी एक बयान द्वारा बताया गया है कि गत दिनों सबोरगा में काउंसलर कार्प्स आफ प्रिंसीपैलिटी आफ सबोरगा के प्रिंस मारसैल की तरफ से सुरिन्द्रपाल सिंह ओबराय की भारत के लिए सबोरगा के कौंसलेट जनरल की नियुक्ति का आदेश जारी किया। सबोरगा के प्रिंस की तरफ से ओबराय को 2 पासपोर्ट जारी किए गए हैं, जिनमें सबोरगा देश के पासपोर्ट के अलावा क्लब डिपलोमैट (सी.डी.) का पासपोर्ट भी जारी किया गया है। इस सी.डी. के पासपोर्ट की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ी मान्यता है।

आप्रवासी भारतीय एस.पी. सिंह ओबराय को पासपोर्ट सौंपते सबोरगा के प्रिंस मारसैल व अन्य।